Annexure - (A)

# कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांकः– /26–11 (वेल्सपन एनर्जी ) लखनऊ, दिनांकः अक्टूबर, 15 2014,

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र,उ0प्र0
मीरजापुर।

विषयः– ग्राम ददरी खुर्द, तहसील–सदर, जनपद मीर्जापुर में मेसर्स वेल्सपन एनर्जी यूपी प्राइवेट लि0 द्वारा 2X660 एम0डब्लू0 सुपर किटिकल कोल आधारित थर्मल पावर प्लान्ट की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्तुत Biodiversity Assessment and Preparation of Conservation Management Plan( including wildlife) के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– 1–आपका पत्रांक 1151/मी0 क्षे0/33 दिनांक 18–09–2014।
2–प्रभागीय वनाधिकारी, मीरर्जापुर वन प्रभाग, मीर्जापुर का पत्रांक 995/33–वेल्सपन दिनांक 09–09–2014।

महोदय,

कृपया उपरोक्त सन्दर्भित पत्रों से प्रेषित विषयक प्रस्ताव का अवलोकन करें। उल्लेखनीय है कि ग्राम ददरी खुर्द, तहसील–सदर, जनपद मीर्जापुर में, मेसर्स वेल्सपन एनर्जी यूपी, प्राइवेट लि0 द्वारा 2X660 एम0 डब्लू0 सुपर किटिकल कोल आधारित थर्मल पावर प्लान्ट की स्थापना के सम्बन्ध इस कार्यालय के पत्रांक 272/26–11(वेल्सपन) दिनांक 24–06–2014 से वांछित आख्या के कम में प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर द्वारा पत्रांक 995/33–वेल्सपन दिनांक 09–09–2014 से स्पष्ट किया गया है कि प्रश्नगत परियोजना कैमूर वन्य जीव विहार, मिर्जापुर की सीमा से लगभग 25 किमी0 दूर मीरर्जापुर वन प्रभाग क्षेत्रान्तर्गत प्रस्तावित है। परियोजना की स्थापना व कार्यान्वियन के सम्बन्ध में प्रस्तावक विभाग द्वारा 10 वर्षों हेतु प्रभाग के पादप व जन्तु जगत के संरक्षण उनसे प्रासंगिक विषयों के सन्दर्भ में प्रस्तुत Biodiversity Assessment and Preparation of Conservation Management Plan (including wildlife) में 184.15 लाख रूपये का प्राविधान किया गया है। उक्त के सम्बन्ध परीक्षण व वांछित आख्या के कम में आपके पत्रांक 1151/मी0 क्षे0/33 दिनांक 18–09–2014 से प्रश्नगत Biodiversity Assessment and Preparation of Conservation Management Plan (including wildlife) से सहमति के साथ प्रतिहस्ताक्षरित कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया है।

अतः आपके पत्रांक 1151/मी0 क्षे0/33 दिनांक 18–09–2014 द्वारा की गयी संस्तुति के कम में प्रस्तुत Biodiversity Assessment and Preparation of Conservation Management Plan (including wildlife) निम्न शर्तो के अधीन अनुमोदित कर संलग्न किया जाता है।

1– उक्त Biodiversity Assessment and Preparation of Conservation Management Plan (including wildlife) में वन्य जीवों के संरक्षण हेतु प्रस्तावित कार्यो का कार्यान्वयन सुनिश्चित

करने हेतु उक्त प्रबन्ध योजना में उल्लिखित Monitoring Committee का गठन कर जिसका अनुमोदन मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव पश्चिमी क्षेत्र, उ0प्र0, कानपुर से प्राप्त करना होगा।

2— जनपद मिर्जापुर व सोनभद्र में कैमूर वन्य जीव विहार क्षेत्र में व सन्निकट आरक्षित वन क्षेत्रों में विचरण करने वाले काले हिरन (Black Buck) के विस्तृत अध्ययन व संरक्षण हेतु एक कार्ययोजना वन्य जीव संस्थान देहरादून से तैयार करवा कर मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उ0प्र0 को प्रस्तुत करना होगा।

भवदीय,

(डा0 रूपक डे)
प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक 389 /उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपिः—निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य वन सरंक्षक, (मध्य क्षेत्र), भारत सरकार केन्द्रीय भवन पॉचवा तल, सेक्टर एच अलीगंज, लखनऊ।
2. मुख्य वन संरक्षक, (वन्य जीव) पश्चिमी क्षेत्र उ0प्र0, कानपुर।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, मिर्जापरु वन प्रभाग, मिर्जापरु।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मिर्जापुर।
5. मुख्य प्रबन्धक, मेसर्स वेल्सपन एनर्जी यूपी प्राइवेट लि0 मिर्जापुर।

(डा0 रूपक डे)
प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

C:\Documents and Settings\Owner\Desktop\Ramdas-12\Letter.docx